दिन– शनिवार दिनांक– 29 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कोसी मेची अंतरराज्यीय परियोजना और पटना–सासाराम गलियारे को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– सरकार बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर आज पटना आ रहे हैं। कल बापू सभागार में सहकारिता सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन।

03. बिहार राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर और ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की बिजली दरों में पच्चीस पैसे प्रति यूनिट की कमी की।

04. और, प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत परिवारों को चिन्हित करने के लिए सर्वेक्षण तीस अप्रैल तक रहेगा जारी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत कोसी मेची अंतरराज्यीय परियोजना और चार लेन के पटना–सासाराम गलियारे को मंजूरी देने के लिए मंत्रिमंडल के निर्णय की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार बिहार के सम्रग विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कोसी मेची अंतरराज्यीय परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत स्वीकृति दी गई है। श्री मोदी ने कहा कि इस योजना से बड़े कृषि क्षेत्र को पानी और सिंचाई की सुविधा का लाभ मिलेगा और इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। श्री मोदी ने कहा कि फोर लेन पटना–आरा–सासाराम गलियारा बिहार की जनता के लिए बड़ी खुशी की ख़बर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और यातायात सुगम होगा।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कल बिहार की कोसी मेची नदी अंतर–राज्यीय लिंक परियोजना को मंजूरी दी। इसे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना– त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किया गया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस परियोजना से अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार जिले में खरीफ सीजन में दो लाख दस हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। केंद्र सरकार ने छह हजार दो सौ बयासी करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना को मार्च, दो हजार उनतीस तक पूरा करने के लिए बिहार को तीन हजार छह सौ बावन करोड़ रुपये की सहायता को मंजूरी दी है।

———बाईट———

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल ने बिहार में एक सौ बीस किलोमीटर से अधिक की लंबाई वाले चार लेन के ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड पटना—आरा—सासाराम गलियारे के निर्माण को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को तीन हजार सात सौ बारह करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। श्री वैष्णव ने बताया कि यह परियोजना अड़तालीस लाख दिन के रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

———बाईट———

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कोसी—मेची लिंक परियोजना और पटना—आरा—सासाराम कोरिडोर की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया है। श्री चौधरी ने कहा कि कोसी—मेची लिंक परियोजना से राज्य के किसानों को काफी लाभ होगा। वहीं, पटना—आरा—सासाराम कोरिडोर बन जाने से राज्य के विकास को नई गति मिलेगी।

---

केन्द्र सरकार ने बिहार समेत पांच राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए छह हजार चार सौ करोड़ रूपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति ने बिहार के लिए तीन सौ चालीस करोड़ रूपये से अधिक राशि आवंटित की।

---

केन्द्र सरकार ने बिहटा—औरंगाबाद रेल लाईन की डीपीआर बनाने को मंजूरी दे दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेन्द्र कुशवाहा के अतारांकित प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेल लाईन की लम्बाई एक सौ बीस किलोमीटर होगी और इसके निर्माण पर चार सौ चालीस करोड़ रूपये की राशि खर्च होने का अनुमान है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर आज पटना आ रहे हैं। इस दौरान वे पटना में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और गोपालगंज के नये पुलिस लाइन मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री पटना पहुंचने के तुरंत बाद प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठक करेंगे।

———बाईट———

इधर, सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री सह सहकारिता मंत्री अमित शाह कल पटना के बापू सभागार में सहकारिता सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। वे वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए दरभंगा में नवनिर्मित मखाना प्रसंस्करण केन्द्र का उद्घाटन करेंगे। श्री शाह सहकारी बैंकों के माईक्रो एटीएम का वितरण करेंगे। इसके अलावा वे राज्य के दो पैक्स में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत गोदाम निर्माण कार्य की आधारशिला भी रखेंगे।

---

बिहार राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर और ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की बिजली दरों में पच्चीस पैसे प्रति यूनिट की कमी की है। साथ ही अन्य किसी भी प्रकार की बिजली दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें एक अप्रैल से प्रभावी होंगी। ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि विनियामक आयोग के फैसले के अध्ययन के बाद उपभोक्ताओं को अनुदान देने पर फैसला किया जायेगा।

---

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत परिवारों को चिन्हित करने के लिए चल रहा सर्वेक्षण अब तीस अप्रैल तक जारी रहेगा। केन्द्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद ग्रामीण विकास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। पहले सर्वेक्षण की अंतिम तिथि इकतीस मार्च तक निर्धारित थी।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आज मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी करेगी। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि शिक्षा मंत्री सुनील कुमार दोपहर बारह बजे परिणाम जारी करेंगे। परिणाम मैट्रिक रिजल्ट टू जीरो टू फाईव डॉट कॉम और मैट्रिक बिहार बोर्ड डॉट कॉम पर देखा जा सकता है। इस बार मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा में पन्द्रह लाख पचासी हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुये थे।

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए आज विभिन्न महाविद्यालयों में बनाये गये चालीस मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में वोट डाले जा रहे हैं। मतदान दोपहर दो बजे तक चलेगा। केंद्रीय पैनल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए सैंतीस उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला उन्नीस हजार से अधिक मतदाता करेंगे। भाजपा के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद–एबीवीपी और कांग्रेस के भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन– एनएसयूआई समेत कई छात्र संगठन चुनाव में हिस्सा ले रहे हैं। मतदान प्रक्रिया की समाप्ति के बाद शाम पांच

बजे से कला और शिल्प महाविद्यालय में मतों की गिनती होगी। परिणाम देर रात तक आने की सम्भावना है।

---

श्रम संसाधन विभाग ने एक अप्रैल से प्रदेश के श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में बारह रूपये प्रति दिन की बढ़ोतरी की है। विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब अकुशल श्रमिकों को प्रति दिन चार सौ चौबीस रूपये अर्द्धकुशल श्रमिक को चार सौ चालीस रूपये, कुशल श्रमिक को पांच सौ छत्तीस रूपये और अति कुशल श्रमिक को छह सौ चौवन रूपये प्रतिदिन मिलेंगे।

---

राज्य सरकार ने भवन निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता तारणी दास का संविदा नियोजन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। ये कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के बाद की गयी है। उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जायेगी।

---

भारतीय रिजर्व बैंक ने पहली मई से ऑटोमेटेड टेलर मशीन–एटीएम से निकासी पर बैंकों को दो रुपये की वृद्धि करने की अनुमति दी है। रिजर्व बैंक ने एक परिपत्र में कहा कि मुफ्त लेनदेन की तय सीमा पार करने के बाद ग्राहक से प्रति लेनदेन अधिकतम तेईस रुपये का शुल्क लिया जा सकता है। नई व्यवस्था पहली मई से लागू होगी।

---

अररिया–सुपौल नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत सुपौल–पिपरा रेलखंड पर कल स्पीड ट्रायल किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज संरक्षा आयुक्त रेल लाईन का निरीक्षण करेंगे। रेलवे ने स्थानीय लोगों से निरीक्षण के दौरान रेलवे लाइन से दूर रहने की अपील की है।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों के तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की कमी आ सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि दक्षिणी–पश्चिमी हिस्सों में गर्म हवा चलने की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान उनतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

राजधानी पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान लिखता है– बिहार विद्युत विनियामक आयोग का फैसला, ग्रामीण– स्मार्ट मीटर की बिजली दरें घटीं।

दैनिक जागरण ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है– पटना–आरा–सासाराम फोरलेन व कोसी–मेची नदी जोड़ो को स्वीकृति।

प्रभात खबर की सुर्खी है– चीफ इंजीनियर सहित सात अफसर के ठिकानों से ग्यारह करोड़ चौंसठ लाख रुपए मिले।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – सत्तरवीं बीपीएससी अभ्यर्थियों को झटका, पटना हाई कोर्ट ने परीक्षा रद्द करने की मांग करने वाली सभी याचिका खारिज की।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– अग्निशमन सेवाओं के लिए बिहार को तीन सौ चालीस दशमलव नौ करोड़ रुपए मिले।

आज अखबार की सुर्खी है–म्यांमार में भूकंप का कहर, एक सौ पचास की मौत।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कोसी मेची अंतरराज्यीय परियोजना और पटना–सासाराम गलियारे को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– सरकार बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध।
02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर आज पटना आ रहे हैं। कल बापू सभागार में सहकारिता सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन।
03. बिहार राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर और ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की बिजली दरों में पच्चीस पैसे प्रति यूनिट की कमी की।
04. और, प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत परिवारों को चिन्हित करने के लिए सर्वेक्षण तीस अप्रैल तक रहेगा जारी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।